हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

04 मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ गुना ने मनाया...



07 गुना, अशोकनगर और शिवपुरी के भाजपाईयों ने रेल सुविधाओं ...






## समाचार संक्षेप

### जल संचय अभियान अंतर्गत जल की हर बूंद को सहेजने का दिया संदेश

**गुना।** राघौगढ़ जल संचय अभियान अंतर्गत ग्राम पगारा में जल संगोष्ठी की गई एवं जल संरक्षण की शपथ कराई गई। इस अवसर पर मप्र जन अभियान परिषद इस की जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन ने जल संरक्षण हेतु किये गए प्रयासों को सराहा। ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि जल संचय अभियान अंतर्गत परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में जागरूकता रैली मानव श्रृंखला संगोष्ठियाँ आयोजित की जा रही है, इसी तारतम्य में जनभागीदारी से बौरी बंधान किया गया जिसमें 50 बोरियों में रेत व मिट्टी भरकर तैयार किया इससे आसपास के किसानों के खेत में सिंचाई हो पाएगी।

### युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 24 दिसंबर को गुना में

**गुना।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के समन्वय व सफल आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार सम्बंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई हैं। इसी क्रम में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, उच्च शिक्षा विभाग,राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 24 दिसम्बर को जिला पंचायत विश्राम गृह गुना में प्रातः 11 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। इसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनिया शामिल होंगी। जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा। ऐसे बेरोजगार जिनकी योग्यता 8वीं/10वीं /12वीं/स्नातक एवं आईटीआई हैं और 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के भाग ले सकते है ।

### कलेक्टर के निर्देशन में तंबाकू नियंत्रण अभियान, अस्पताल परिसर में कार्रवाई,25 लोगों पर 3135 का जुर्माना

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत अस्पताल परिसर को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज जिला चिकित्सालय परिसर में तंबाकू का सेवन करते पाए गए 25 व्यक्तियों पर कुल 3135 रुपएउ का जुर्माना किया गया। यह कार्रवाई सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा गठित टीम के माध्यम से की गई। टीम के सदस्य जयवीर सिंह रघुवंशी, नमिता खादीकर, रेखा शर्मा, मुरारी लाल, वर्षा मकोड़े, आदिल खान एवं दीपक द्वारा अस्पताल के सभी वार्डों का भ्रमण किया गया। इस दौरान लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा तंबाकू छोड़ने हेतु टीसीसी में निशुल्क एनआरटी लेने की सलाह दी गई। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विनीता सोनी ने बताया कि वार्ड भ्रमण के दौरान किसी भी वार्ड में तंबाकू सेवन करते हुए कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। यह सिविल सर्जन महोदय द्वारा निर्धारित कार्ययोजना एवं टीम के निरंतर प्रयासों का सकारात्मक परिणाम है। जिन 25 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया, वे सभी अस्पताल परिसर में तंबाकू सेवन करते पाए गए थे। साथ ही, अस्पताल स्टाफ द्वारा तंबाकू सेवन करने पर उनके विरुद्ध भी नियमानुसार जुर्माना किया गया।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का किया आयोजन

**गुना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 गुना में बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन गिरिजा जाटव प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जाटव ने प्रतिभागी बालक बालिकाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में जानकारी दी एवं वन स्टॉप सेंटर, हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में जानकारी दी।

### वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था का हो रहा उल्लंघन

# गलियों से होकर बाजार में आ रहे ऑटो






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है, लेकिन इसका असर ज़मीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है। नियमों की अनदेखी करते हुए ऑटो चालक संकरी गलियों से होकर सीधे बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों का कहना है कि वन-वे व्यवस्था लागू होने के बाद उन्हें राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन ऑटो चालकों की मनमानी के कारण हालात पहले जैसे ही बने हुए हैं। गलियों से अचानक ऑटो बाजार में घुस आने से पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कई ऑटो चालक समय बचाने के लिए निर्धारित मार्ग का पालन नहीं कर रहे हैं। संकरी गलियों से निकलते समय न तो यातायात नियमों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही पैदल यात्रियों की सुरक्षा का। इससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है।

दुकानदारों का कहना है कि अव्यवस्थित यातायात के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। वहीं, स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि वन-वे व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए और नियम तोड़ने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।इस संबंध में यातायात पुलिस का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जल्द ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालान और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बाजार क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने पर भी विचार किया जा रहा है।अब देखना यह होगा कि प्रशासन की सख्ती से वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावी हो पाती है या नहीं, ताकि आम जनता को जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके।

## शहर में भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्री शिव महापुराण कथा अग्रवाल समाज कराया रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल महिला मंडल द्वारा बुधवार से शिव महापुराण कथा का दिव्य एवं भव्य आयोजन नगर में दिनांक 17 दिसंबर से 25 दिसंबर तक किया जा रहा है जिसमें आज लक्ष्मी नारायण मंदिर से चौराहे से निकाली गई जिसमें नीलम बिंदल ने बताया शिव महा पुराण की पोथी का पूजन कर लक्ष्मी नारायण मंदिर से भव्य कलश यात्रा सदर बाजार निचला बाजार हाट रोड जगदीश कॉलोनी से होती हुई शुभ विदाई गार्डन मे पहुंची और जगह जगह स्वागत और पूजन किया गया इसके बाद से श्री आकाश आचार्य जी शिव महा पुराण का कथा का का श्रवण कराएँगे। कलश यात्रा मे सभी अग्रवाल समाज और महिलाओं सहित बच्चों मौजूद रहे और शिव पार्वती का दिव्य स्वरूप बनाया गया। जो कि अद्भुत अलौकिक स्वरूप भगवान भोलेनाथ और पार्वती का है बग्गी मे बैठे और उनका माल्यार्पण कर स्वगत्त किया अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम बिंदलने बताया कि पूज्य आचार्य पंडित श्री हित आकाश जी महाराज का शुभ आगमन दिसंबर को अपराह्न ठीक 2:30 बजे होगा। 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया जाएगा।



## पटेलनगर क्षेत्र में सूने मकान से हुई चोरी का कैंट थाना पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेलनगर में सूने मकान से हुई चोरी के प्रकरण का खुलाशा करते हुए दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं ।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14 नवम्बर 2025 को फरियादी जतिन शर्मा निवासी पटेलनगर गुना द्वारा कैंट थाने में रिपोर्ट की गई थी कि दिनांक 12 नवम्बर 2025 को वह अपने परिवार मथुरा-वृन्दावन गया हुआ था । वापस लौटने उनके घर का ताला टूटा होकर घर का सामान अस्त-व्यस्त था एवं चेक करने पर घर में सोने-चांदी के जेबर, नकदी 20 हजार सहित अन्य घरेलू खाने-पीने का सामान गायब मिला । चोरी की रिपोर्ट पर से केंट थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 1017/25 धारा 331(4), 303(a) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था । पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये जा रहे निर्देशों के परिपालन में केंट थाना पुलिस द्वारा प्रकरण में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी की पतारसी के निरंतर प्रयास किए गए । इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा तकनीकी संसाधनों के माध्यम से अज्ञात आरोपियों की सघन तलाश व पतारसी की गई, जिसमें पुलिस की सक्रियता, लगातार सूचना संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर चोरी के अज्ञात आरोपियों की पहचान सुनिश्चत कर जिनकी सरगर्मी से तलाश की गई और विगत दिवस मुखबिर से आरोपियों के संबंध में सूचना के आधार पर केंट थाना पुलिस ने तत्पर और प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी मनोज उर्फ हल्के पुत्र बाबू शिकारी उम्र 21 साल निवासी नानाखेड़ी गुना एवं सलमान उर्फ भूरा पुत्र नबाव खांन उम्र 27 साल निवासी नानाखेड़ी गुना को गिरफ्तार कर लिया गया ।

जिनके द्वारा पूछताछ पर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उक्त चोरी करना स्वीकार किया । इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की निशादेही से चांदी के दो सिक्के एवं सोने जैसी धातु की एक चैन बरामद की गई है । प्रकरण में शेष फरार आरोपी की भी पुलिस ने पहचान कर ली गई है, जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी कर चोरी का शेष माल बरामद किया जाएगा । केंट थाना पुलिस की इस सफल और सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक राहुल शर्मा, सउनि बालकिशन, प्रधान रामभरोसा बैरागी, राजू बघेल, शुभम रघुवंशी, आरक्षक सूर्यभान जाट एवं अभिनेष रघुवंशी की विशेष भूमिका रही है।

## डीईओ की उपस्थिति में 86 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झागर विकासखंड बमोरी में 86 छात्र-छात्राओं को समारोह पूर्वक आयोजन कर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल की उपस्थिति में साइकिल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। हायर सेकेंडरी स्कूल झागर के प्राचार्य नरेंद्र भार्गव ने बताया कि सर्वप्रथम मां सरस्वती का मुख्य अतिथि एवं मंछिष्ट अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत संस्था के प्राचार्य श्री भार्गव के द्वारा समस्त अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने साइकिल वितरण करते हुए कहा कि हायर सेकेंडरी स्कूल झागर का परीक्षा परिणाम उत्तम रहेगा यहां पर कार्यरत प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र भार्गव निरंतर रूप से विद्यालय के विकास में सक्रिय है।जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने आज कक्षा 9 में अध्यनरत 86 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की इस मौके पर थाना चौकी प्रभारी अनिल कदम विकासखंड शिक्षा अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव संकुल प्राचार्य विजय श्रीवास्तव अशोक भार्गव ग्राम के नागरिक ग्राम पंचायत के सरपंच ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बेनी माधव भार्गव और गिर्राज किरार ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत झागर के ग्रामवासी जनप्रतिनिधि छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित हुए। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक बलराम यादव , ममता त्रिवेदी,सचिन शर्मा, राजेश जाटव ,धर्मेंद्र रघुवंशी , मनोज धाकड़ , मंजू लोधा, उषा कार, माधुरी शर्मा, अमन धाकड़, विजय कुशवाहा, मुरारी कार , जगमोहन धाकड़ , शैलेंद्र सिंह, राजेश जाटव सहित समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछनी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### गुना डाक संभाग ने मनाया राष्ट्रीय पेंशनर दिवस

# पेंशनर मिलन समारोह में किया गया पेंशनरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



डाक संभाग गुना द्वारा अधीक्षक डाकघर ओपी चतुर्वेदी के नेतृत्व में डाक विभाग के सेवानिवृत साथियों सहित अन्य विभागों के सेवानिवृत पेंशन धारकों का राष्ट्रीय पेंशनर दिवस 17 दिसंबर के अवसर पर पेंशनर मिलन सह सम्मान समारोह प्रधान डाकघर गुना में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में पेंशनरों का सम्मान कर डाक विभाग में एक अनूठी पहल की है। डाक अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी ने बताया की डाक विभाग द्वारा व्यवसाय विकाश योजना के अंतर्गत व्यवसाय विकास के साथ ही साथ इस व्यवसाय विकास कार्य में डाक विभाग के अनुभवी पेंशनरों का लाभ लेने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।

गुना डाकघर के सबसे वरिष्ठ पेंशनर एस आर पुणतांबेकर का शाल श्रीफल भेंट कर डाक अधीक्षक द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर पेंशनर रहते हुए भी डाक विभाग की डाक जीवन बीमा योजना एवं अन्य व्यवसाय में सहयोग प्रदान करने के लिए कार्यक्रम में पधारे सभी पेंशनरों को भी अधीक्षक डाकघर द्वारा माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । सभी पेंशनर को कार्यक्रम में विभाग की नवीन योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया गया । कार्यक्रम में स्वागत भाषण कु. प्राची त्रिवेदी शिकायत निरीक्षक गुना ने दिया। मंच पर वरिष्ठ पेंशनर एस आर पुणतांबेकर , पेंशन यूनियन के अध्यक्ष विनोद प्रजापति, महिला पेंशनर श्रीमती अनुरागनी शर्मा , एके जैन सेवानिवृत सहायक निदेशक मंचाशीन रहे। उप संभागीय प्रमुख राहुल जैन एवं गुंजन शर्मा ने अपने संबोधन में डाक विभाग की उपयोगिता, महिमा का वर्णन किया एवं सेवा निवृत डाक कर्मचारियों की कार्य के प्रति प्रतिबद्धता, निष्ठा एवं अनुशासन पर अपने विचार रखें । महिला पेंशनर श्रीमती अनुरागिनी शर्मा ने भी अपने विचार रखें।

आरके सोनी सेवानिवृत पोस्टमास्टर ने अपने उद्बोधन में पेंशनर से आह्वान किया कि वह अपनी उपयोगिता को बनाए रखें नित्य नवीन घटनाक्रम से अपने आप को अपडेट रखें । उन्होंने अधीक्षक के इस अनूठे प्रयास की सराहना की। पीजी कॉलेज के सेवानिवृत प्रोफेसर एल एन बुनकर ने अपने उद्बोधन में डाक विभाग द्वारा किए जा रहे ,जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना करने के साथ साथ अपने गजल एवं गीत से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। ओपी चतुर्वेदी अधीक्षक डाकघर ने अपने उद्बोधन में पेंशनरों का आभार माना एवं कृतज्ञता ज्ञापित की , उन्होंने पेंशनरों की हर संभव मदद का आश्वासन दिया एवं डाकघर की बचत बैंक, सीनियर सिटीजन स्कीम, एमआईएस, पीपीएफ, आदि योजनाओं में पेंशनरों की भागीदारी का भी प्रस्ताव रखा। आयोजन में बड़ी संख्या में गुना, अशोक नगर एवं सुदूर क्षेत्र के पेंशनर सम्मिलित हुए ।

## समाचार संक्षेप

### नगर परिषद सीएमओ ने घर जाकर बुजुर्ग महिलाओं की समस्याओं को सुना

**मधुसूदनगढ़** । नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) वीरेंद्र चक्रवर्ती द्वारा वार्डों में जाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी जा रही हैं। नगर परिषद बनने के बाद से ही सीएमओ चक्रवर्ती लगातार नगर के विकास एवं जनसुविधाओं को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में



नगर के विभिन्न वार्डों में नाली-गटर की साफ-सफाई का कार्य शुरू कराया गया है, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव और गंदगी की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण सफाई के निर्देश दिए।इसके साथ ही सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती ने बुजुर्गों और महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके घर जाकर समस्याएं सुनीं और संबंधित कर्मचारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। नगर परिषद प्रशासन की इस पहल से नगरवासियों में संतोष एवं विश्वास का माहौल देखा जा रहा है।

### शासकीय महाविद्यालय आरोन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में किया जा रहा है भ्रमण

**आरोन**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पनवाड़ी हाट में कॉलेज चलो अभियान के तहत केरियर काउंसलिंग एवं नई शिक्षा नीति पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य श्री ए.के मुदगल द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों को कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों एवं शैक्षिक नवाचारों से अवगत कराने नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय को समझना व उसके बारे में जानने के लिए



कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम जरूरी है जिसमें विद्यार्थी महाविद्यालयीन संसाधन जैसे ई-पुस्तकाल कंप्यूटर लैब हैं, इलेक्ट्रॉनिक अटेंडेंस, स्पोर्ट की गतिविधियों के बारे में जान सके। इस कार्यक्रम में प्रभारी संयोजक डॉ बी एस मीणा प्राध्यापक वाणिज्य विभाग , एवं बी.बी.ए. संकाय से राम भार्गव , रसायन विभाग से डॉक्टर अलीम मियां आदि उपस्थित हुये। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज चलो अभियान के संयोजक डॉ बी एस मीणा प्राध्यापक वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों को प्रारंभिक व्याख्यान में कॉलेज के बारे में अवगत कराते हुये जीवन के विभिन्न आयामो के बारे में एवं समय की सदुपयोगिता व विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के बारे में बताया। इस कार्यक्रम मे बी.बी.ए विभाग के शिक्षक राम कुमार भार्गव द्वारा प्रबंधन के क्षेत्र में करियर निर्माण करने के लिये बताया कि महाविद्यालय आरोन जिले में बी.बी.ए. संचालित है जिसके माध्यम से विद्यार्थी औद्योगिक क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं । डा अलीम मियां द्वारा नई शिक्षा नीति के बारे में बताया एवं ई प्रवेश प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने केरियर से संबंधित प्रश्न भी किये एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पनवाड़ी हाट के प्राचार्य श्री प्रवेश रघुवंशी द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अधिक संख्या में विद्यार्थीगण एवं विद्यालय के स्टाफ उपस्थित हुए।

सेवानिवृत्त पेंशनर्स को सम्मान के रूप में पेंशन प्राप्त हो रही है, माना आभार

# मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ गुना ने मनाया पेंशनर्स पार्क में पेंशनर दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ गुना द्वारा पेंशनर्स पार्क में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पेंशनर दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम संघ के संरक्षक सदस्य से.नि. उप पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता, गोपालदास शर्मा, रामप्रकाश वर्मा द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया। इसके पश्चात से. नि. निरीक्षक मुनेश गौतम, सत्य प्रकाश वर्मा, अमृतलाल परिहार, श्यामसिंह जादोन, बृजमोहन कुशवाह, मुकेश रीता कपूर, लोरेन्स खेस, अवधेशसिंह परिहार के द्वारा पुलिस पेंशनर संघ के संस्थापक स्व. डी. एस. नकारा के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजली अर्पित की गई। से.नि. उप पुलिस अधीक्षक गोपालदास शर्मा द्वारा डी. एस कारा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डी. एस. नकारा द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में याचिका लगाकर हम पेंशनरों को हक दिलवाकर 17 दिसम्बर को पेंशन को कर्मचीरों का अधिकार माना और तभी हम सभी सेवानिवृत्त पेंशनर्स को सम्मान के रूप में पेंशन प्राप्त हो रही है। पेंशनर दिवस के आयोजन पर पेंशनर्स संघ गुना के से. नि. उप निरीक्षक रामबाबूसिंह रघुवंशी, हजारीलाल वर्मा, जगमोहनसिंह तोमर, जगदीश साहू, प्रकाशसिंह रघुवंशी, रामगोपाल साहू, ओमप्रकाश राजे, गौरीशंकर शर्मा, कुंवरपालसिंह, पृथ्वी पालसिंह, राजेन्द्र वास्तव, सुरेश कुमार मौर्य, जयराम विसेन, रामसिंह परिहार, मोहनसिंह रघुवंशी (खेजड़ी), श्यामसिंह नरवरिया, राजेन्द्र रघुवंशी, अशोक शर्मा, प्रेमनारायण धाकड, शिवकुमार शर्मा, हरीश शर्मा (कन्नू) सुरेश कुमार शर्मा, प्रेमनारायण धाकड़, भंवरसिंह चौहान, रामपालसिंह राठौर, मति सुषमा पंवार, सु विमला परिहार, मति स्वदेश शर्मा, सु राजेश शिन्दे, हरनामसिंह रघुवंशी, शिवनन्दनसिंह रघुवंशी, महेश शर्मा, ओमप्रकाश मैथिल, हवलदारसिंह, गोबिन्द पारीक, रामकुमार दुबे, राधेश्याम वर्मा, राजेन्द्रसिंह राजपूत, राधामोहन शर्मा, परमालसिंह रघुवंशी, नन्दकिशोर पालीवाल, शिवराज सिंह रघुवंशी, प्रेमनारायण साधक, हरीसिंह रघुवंशी, हुकुमसिंह गौर, एवं पुलिस पेंशनर्स संघ के आदि सदस्यों द्वारा नकारा के छाया चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की। स्वागत भाषण पुलिस पेंशनर्स संघ गुना के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा द्वारा दिया जाकर संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला व शासन और प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि पुरानी पेंशनर्स को लागू किया जावे। एक वर्ष का लेखा बजट संघ के कोषाध्यक्ष नरेन्द्रसिंह जाट द्वारा प्रस्तुत किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारी / अधिकारी पेंशनर्स संघ गुना के कार्यवाहक अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा एवं कोषाध्यक्ष के. एन. बंसल का स्वागत सम्मान किया गया। अन्त में 24 दिसम्बर को मंदसौर मे होने वाले प्रान्तीय सम्मेलन के सम्बंध में चर्चा कर मंदसौर जाने वाले दल का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन से. नि. निरीक्षक बृजमोहन कुशवाह द्वारा एवं आभार प्रदर्शन से.नि. निरीक्षक मुनेश गौतम द्वारा किया गया।

### जूनियर रेडक्रॉस का राज्य स्तरीय सह-सद्भावना शिविर हर्षोल्लास से संपन्न

**गुना**। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा भोपाल द्वारा क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना में आयोजित पाँच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस राज्य स्तरीय सह-सद्भावना शिविर का समापन समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर दिनांक 12 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के 28 जिलों से आए जूनियर रेडक्रॉस के छात्र-छात्राओं, काउंसलरों, ट्रेनरों एवं वालंटियर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। एवं अंतिम दिन विभिन्न जिलों से शेष बचे हुए प्रतिभागियों को रात्रि में ट्रेन ना मिलाने के करण जिला चिकित्सालय स्थित रेड क्रॉस भवन गुना में रेड क्रॉस समिति द्वार उनके भोजन ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई आदि व्यवस्था रेड क्रॉस सोसाइटी गुना द्वार की गाय वह सभी जिलों से आये छात्र छत्रों को सफलता पूर्व बधाई दी। इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी , रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. एल.के. शर्मा, चंद्रेश जैन, आशीष मंगल, प्रदीप जैन, डॉ. लाखन धाकड़, डॉ. भूपेन्द्र डकरे, संजय राठी, प्रदेश प्रतिनिधि नर्मदा शंकर भार्गव एवं संगीता भाटी समस्त रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

## एकादशी पर गिरिराज भक्ति में लीन हुए जयवर्धन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

एकादशी के पावन अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने सह-परिवार पावन गिरिराज जी महाराज की गोवर्धन परिक्रमा कर आध्यात्मिक आस्था का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। परिक्रमा की शुरुआत उन्होंने दानघाटी में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त विधि-विधान से पूजन-अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने गिरिराज जी महाराज से प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के लिए आगामी 2026 में सुख, समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की।दानघाटी में पूजन के पश्चात जयवर्धन सिंह ने परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं से संवाद किया और गोवर्धन धाम की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने



कहा कि गोवर्धन परिक्रमा सनातन संस्कृति की महान परंपरा है, जो न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है, बल्कि समाज में सेवा, सद्भाव और करुणा की भावना को भी सुदृढ़ करती है।परिक्रमा के दौरान पूरे मार्ग पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। स्थानीय पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच विधिवत पूजन कराया गया, वहीं श्रद्धालुओं के जयकारों से गिरिराज धाम गुंजायमान रहा। जयवर्धन सिंह ने श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद कर उन्हें धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि जयवर्धन सिंह की यह तीसरी गोवर्धन परिक्रमा है। वर्ष 2023 में उन्होंने अपने संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों के साथ सामूहिक रूप से गोवर्धन परिक्रमा की थी।वर्ष 2024 में वे अपनी धर्मपत्नी युवरानी श्रीजाम्या सिंह एवं पुत्र सहस्त्रजय सिंह के साथ गिरिराज जी महाराज की परिक्रमा पर आए थे।वर्ष 2025 में भी उन्होंने पुनः सह-परिवार गोवर्धन परिक्रमा कर गिरिराज जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।परिक्रमा के समापन पर जयवर्धन सिंह ने कहा कि गिरिराज जी महाराज की कृपा से प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे और प्रत्येक परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रहे—यही उनकी प्रार्थना है।इस पावन यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर भी व्यापक उत्साह देखने को मिला। दिनभर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जयवर्धन सिंह के लाखों समर्थकों एवं अनुयायियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अनेक धर्मप्रेमियों एवं श्रद्धालुओं ने इस आध्यात्मिक यात्रा के लिए अपनी शुभेच्छाएं दीं। श्रद्धालुओं की गहरी आस्था और जनसमर्थन से गोवर्धन धाम का वातावरण पूर्णतः भक्तिरस से सराबोर नजर आया।

# त्याग करने वाले को मिलती है शांतिः नरेंद्र भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जो मनुष्य मान, प्रशंसा,प्रतिष्ठा पर ध्यान नहीं देता ऐसे त्यागी मनुष्य को परमशान्ति मिलती है। गुरु की आज्ञा पालन करने वाले को विद्या मिलती है। उक्त विचार द्वारकाधीश मंदिर पर हुये स्वाध्याय में सुभाष त्रिवेदी, देवेन्द्र भार्गव, नरेंद्र भारद्वाज, महेन्द्र सोनी आदि ने व्यक्त किए। गीताजी का पूजन पंडित मनोज शर्मा एवं मंदिर के पुजारी मनोज दुबे ने किया। सुभाषित में नरेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि रुठे हुए व्यक्ति को तब तक मनाना चाहिए जब तक कि वह मान न जाए। अमृत वचन में बृजभूषण शर्मा ने कहा कि भगवान ने ब्राह्मण, गाय, देवता तथा संतों की रक्षा करने के लिए ही अवतार लिया है। प्रेरक प्रसंग में महेन्द्र सोनी ने कहा कि हम बड़े भाग्यवान है जो हमने उस धरती पर जन्म लिया जहां भगवान के सारे अवतार हुये है विदेश में एक भी अवतार नहीं हुआ। स्वाध्याय गीत,



गणेश गौरी गुरु वंदना रामस्वरूप सेन ने कराई। गीता के सोलहवें अध्याय के एक से लेकर ग्यारहवें श्लोक तक का वाचन पं मनोज शर्मा ने किया जिसका सभी ने अनुकरण किया। स्वाध्याय में श्रीमती बूंदा देवी, श्रीमती राखी भार्गव, नीतू भारद्वाज, उदयकांत भारद्वाज, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, राधेश्याम शर्मा मुद्गल, चंद्रमोहन अग्रवाल, प्रभाकर भार्गव, कैलाश मंथन रामजीवन भार्गव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अगला स्वाध्याय दिनांक 21/12/25रविवार को शाम 4 बजे मकान नं 12बूढे बालाजी मंदिर के पीछे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में इंद्रकुमार भार्गव के स्वनिवास पर होगा जिसमें अध्याय सोलह के बारहवें श्लोक से अध्याय समाप्ति तक का पाठ किया जायेगा। आयोजक ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन का 15 दिवस का वेतन राजसात

## चारों जनपदों के परियोजना अधिकारी सहित कई अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की समीक्षा के दौरान लक्ष्य अनुरूप कार्य न करने पर चारो जनपद पंचायतों के परियोजना अधिकारी नरेगा, ब्लॉक समन्वयक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत लक्ष्यों की पूर्ति न करने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सरिता बंसल का 15 दिवस का वेतन राजसात किये जाने तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ ए.पी.प्रजापति को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए। ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अशोकनगर सलिल खरे का 07 दिवस का वेतन राजसात किये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत आगामी तीन माह की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि व्यक्तिगत शौचालय के लक्ष्य अनुसार शत प्रतिशत जियोटेग पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत चयनित ग्रामों में शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। मनरेगा योजना के तहत एक बगिया मां के नाम के तहत जनपद पंचायतवार स्वीकृत कार्यो की विस्तार से समीक्षा कर कार्यो में प्रगति लाएं जाने के निर्देश जनपद पंचायतों को दिए। उन्होंने जिले में संचालित गौशालाओं तथा नवनिर्मित गौशालाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गौशालाओं में निर्धारित संख्या के मान से गौवंश रखे जाए। साथ ही गौशालाओं में पेयजल,विद्युत की व्यवस्था हो यह सुनिश्चित किया जाए।

### मोबाइल की लत ने ली छात्र की जान

**शाढ़ौरा**। आज के डिजिटल दुनिया में बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया की भारी लत है जो जानलेवा साबित हो रही है। शाढ़ौरा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां कक्षा 9वीं के छात्र ने पिता की डांट से आहत होकर जहर (सल्फास) खाकर अपनी जान दे दी। मृतक छात्र की पहचान कार्तिक रघुवंशी के रूप में हुई जो मूल रूप से ग्राम ककराई का निवासी था। कार्तिक शाढ़ौरा की मेला ग्राउंड कॉलोनी में किराए के मकान में अकेले रहकर पढ़ाई कर रहा था। परिजनों के अनुसार कार्तिक को इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया की गहरी लत थी, जिसके कारण वह ज्यादातर समय मोबाइल पर ही बिताता था। कल शाम पिता ने उसे मोबाइल कम चलाने और पढ़ाई पर ध्यान देने की सलाह दी थी। यह बात कार्तिक को इतनी बुरी लगी कि गुस्से में आकर उसने सल्फास नामक जहरीला पदार्थ खा लिया। मकान मालिक और पड़ोसी को जब पता चला तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजनों को सूचना दी गई और कार्तिक को उपचार हेतु गुना अस्पताल ले जाया गया। हालांकि अस्पताल तक पहुंचने से पहले जहर पूरे शरीर में फैल चुका था। गुना अस्पताल डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को गुना में पोस्टमार्टम किया गया तथा एफआईआर दर्ज की गई है।

### अक्षत आईपीएल में 2 करोड़ 20 लाख में बिके

**अशोकनगर**। अशोकनगर शहर के केपी रघुवंशी के पुत्र अक्षत रघुवंशी 21 वर्ष के है और उन्हें आईपीएल में 2.20 करोड़ रूपए में लखनऊ सुपर जायटस द्वारा खरीदा गया है। उनका बेस प्राइस 30 लाख रूपए था। हैदराबाद सनराइजर्स भी अक्षत को खरीदना चाह रही थी लेकिन अक्षत रघवंशी ने अशोकनगर का नाम रोशन कर दिया है। वह अब तक रणजी ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश का नेतृत्व कर चुके हैं। वह बल्लेवाज हैं और अशोकनगर के संजय स्टेडियम में बर्षो तक प्रेक्टिस की है। जिसका परिणाम अब वह भारत के उभरते हुए क्रिकेटर हैं।





### बाइक को बचाने के चक्कर में कार पलटी चालक को चोटें आईं

**अशोकनगर**। जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर ग्राम बेलई के समीप स्थित पेट्रोल पम्प के पास एक बाईक को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें कार के चारों पहिए ऊपर हो गए और वाहन चला रहा निवेन्द्र साहू कार के अन्दर था। राहगीरों की मदद से वाहन चालक को बाहर निकाला गया। कार का नम्बर एमपी 67 सी 1899 है। घटना की जानकारी डायल 112 पर दी गई जिसके बाद डायल वाहन से निवेन्द्र साहू को जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। बताया गया है कि वाहन चालक कार से मुंगावली से अशोकनगर आ रहा था तभी अथाईखेडा से बेलई के बीच स्थित पेट्रोल पंप के पास यह घटना हुई।

### पेंशनर्स दिवस पर 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके कई पेंशनरों का सम्मान किया गया





**अशोकनगर**। मध्यप्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संगठन जिला शाखा अशोकनगर की ओर से 17 दिसंबर को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय वेदांत भवन में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स को मुख्य अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र बैंक कर उन्हें सम्मानित किया गया।

सम्मानित किए जाने वाले पेंशनरों में रमेश चंद्र शमार्, भू अभिलेख विभाग राजकुमारी शिवहरे, देवेंद्र शर्मा, श्यामलाल शर्मा, रमेश कुमार शर्मा, एहसान मोहम्मद, कैलाशपति नायक, जगदीश सुमन एवं महेशकुमार शर्मा सम्मिलित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक अशोकनगर के महाप्रबंधक राजेंद्र पाठक अतिथि के रूप में जिला पेंशन अधिकारी रविंद्र सूर्यवंशी एवं जिला सहायक पेंशन अधिकारी अशोक राणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शाखा अशोकनगर के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रघुवंशी द्वारा की गई। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष अवध बिहारी कटारे मुंगावली शाखा के अध्यक्ष गंगा प्रसाद श्रीवास्तव एवं संगठन के संरक्षक बच्छराज अग्रवाल द्वारा संबोधित किया गया। अपने संबोधन में अग्रवाल ने बताया कि पेंशन दिवस पेंशन पेंशनर्स के सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा पेंशनर के हित में संचालित बैंक सुविधाओं और शासकीय नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया।

# अशोकनगर के युवा वर्ग ने बहुत सेवा की है, सेवा के बदले कुछ नहीं चाहना ही सच्ची भक्ति हैः मुनिश्री सुधासागर



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोक नगर

अशोकनगर के युवा वर्ग ने बहुत सेवा की सेवा के बदले कुछ नहीं चाहना ही सच्ची भक्ति है ।भक्ति सिर्फ भगवान के चरणों में बैठकर नहीं होती भगवान की भक्ति करने वाले की व्यवस्था बनाये रखना, गुरु भक्तो भगवान की भक्ति करने वाले को भोजन कराना बहुत बड़ा काम है। भोजन शाला में काम करने वाले कभी मंच पर नहीं दिखते लेकिन उन्होंने कितनी मेहनत की यह वो भक्त आकर कहते हैं कि अशोकनगर के युवाओं ने बहुत ही रुचि पूर्ण भोजन से सभी को तृप्त किया। यहां के सभी सेवा संगठनों ने बहुत काम किया है उसी का परिणाम है कि सभी कार्य सफल हुए। उक्त आश्य केउद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए। इस मौके पर दया फाउण्डेशन की ओर से पक्षी घर का निर्माण किया गया है जिसका फीता काटकर मुनिश्री के सानिध्य में शुभारंभ किया गया है।

### असीम क़ालीन भक्तावर विधान का आज से होगा शुभारंभ

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि कल अशोक नगर में परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में असीम क़ालीन भक्तावर मंडल विधान प्रारंभ होने जा रहा है आप और हम सब मिलकर परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में प्रातः काल आठ बजे सुभाष गंज मैदान में परम पूज्य के मंगल प्रवचन होने तथा उपरान्त असीम क़ालीन भक्तावर के मंगल कलशों की स्थापना प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भ इया के मंत्रोच्चार के साथ कलशों की स्थापना होगी

### सेवा भावी संगठनों का किया बहुमान

इस दौरान मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि सेवा दल युवा वर्ग सभी संगठनों के कार्यकर्ता जो मेहनत की है वह लोग हमेशा याद किया जाएगा। किसी भी कार्य की सफलता में संगठित होकर कार्य करने का ही परिणाम है कि आज आपके काम से हमारे चातुर्मास की प्रसन्शा हो रही है। कहा तो यही जा रहा है कि अशोकनगर में अभूतपूर्व चातुर्मास हुआ तो होता है सभी को बहुत बहुत आशीर्वाद है। इस दौरान श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी की ओर से जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर संजय के टी संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिंघई श्रेयांसघैला थूवोनजी अध्यक्ष अशोकजैन टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो द्वारा सभी सेवा भावी संगठनों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### बेटी के पहले जन्मदिन पर हुआ 37 यूनिट रक्तदान

**अशोकनगर**। बहादुरपुर में बुधवार को जनपद पंचायत मुंगावली के वार्ड क्रमांक 13 से सदस्य आदित्य त्रिवेदी की बेटी राधा का पहला जन्मदिन था। इस अवसर पर त्रिवेदी के परिजनों एवं मित्रों ने रक्तदान किया। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ संदीप जैन ने बताया कि शिविर के लिए बहादुरपुर में ब्लड यूनिट कलेक्शन वैन भेजी थी, जिसमें कुल 37 यूनिट रक्तदान हुआ है। रक्तदान करने वालों में सुरेंद्र गुर्जर, शिवजीत यादव, कपिल जैन, जशवंत परिहार, श्याम मंगल दांगी, आमिर खान, प्रिंस सिंह, रीना त्रिवेदी, पद्मनी त्रिवेदी, गोपाल पाल, राजा मोदी, चंद्रेश गुर्जर, आशीष राय, सुरेंद्र भार्गव, लक्ष्मी जाटव, शिशुपाल सेन, महावीर त्रिवेदी, रोशन ठाकुर, हरिओम पाल, रामराज दांगी, पूजा शर्मा, अभिषेक कटारिया, सुखवीर कटारिया, चंद्रपाल यादव, रवि कटारिया, अभिषेक शर्मा, संदीप दांगी, लक्ष्य त्रिवेदी, राजकुमार आदि रहे मौजूद।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग-अशोकनगर (म.प्र.)**

**// सार्वजनिक सूचना //**

(म.प्र. पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम, 2014 के नियम (21) अंतर्गत)

म.प्र. राजपत्र (असाधारण) पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल म.प्र. के सूचना क्र. / एफ-16-11-2013-बाईस (2) भोपाल दिनांक 24.12.2014 के अनुसार म.प्र. पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम, 2014 बनाए गए है। म.प्र. पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम, 2014, के अध्याय - चार नियम (21) के उप नियम 1 के अंतर्गत अवैध कॉलोनी का प्रबंधन लिये जाने का प्रावधान है। तदनुसार कॉलोनी का प्रबंधन शासन (सक्षम प्राधिकारी) के हित में लिये जाने हेतु सूचना का प्रकाशन किया जाता है :-

| क्रं. | प्रकरण क्रमांक | अनावेदक का नाम | कॉलोनी एवं ग्राम व तहसील का नाम | सर्व नम्बर एवं रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 0089/बी-121/2025-26 | 1. श्री शाहिद खान पुत्र श्री अलीम खान निवासी अशोकनगर 2. श्री राजू श्रीवास्तव पुत्र श्री प्रेमनारायण श्रीवास्तव निवासी अशोकनगर | बालाजी ड्रीम सिटी ग्राम मोहरीराय तहसील अशोकनगर | 90/1 रकबा 0.416 हे. 94/1/1 रकबा 0. 377 हे., 95/1/2 रकबा 0.155 हे. एवं 96/2 रकबा 0.088 हे. |

उक्त भूमि (कॉलोनी) के संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार या व्यक्ति को कोई आपत्ति या पक्ष प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण में नियत दिनांक 19.12.2025 को स्वयं या अपने अभिभाषकों के माध्यम से आपत्ति या पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्यांद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त विज्ञप्ति आज दिनांक 17.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी।

(शुभ्रता त्रिपाठी)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अनुभाग-अशोकनगर

## खबर संक्षेप

### साम्प्रदायिक महौल बिगाड़ने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत पिछले दिनों लोगों की भीड़ ने थाने के सामने ईसागढ मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसके बाद ईसागढ थाना प्रभारी मीना रघुवंशी ने साम्प्रदायिक महौल बिगाड़ने की दृष्टि से बांधा उत्पन्न की, धार्मिक स्थान पर तोड़फोड की व अश्लील गांलियां दी गई। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों के नाम तलाश रही है।

### खेत में बनी डबरी में डूबने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम देसाईखेडा निवासी गोलू पुत्र रामगोपाल धाकड़ उम्र 19 साल वन विहार वाले खेत में बनी डबरी वाले तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### पुरानी रंजिश पर से मारपीट

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लम्बरदार मोहल्ला निवासी गोरेलाल प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुरानी रंजिस पर से आरोपी मदनलाल, देवेन्द्र और गज्जू प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सेमिनार सह प्रशिक्षण का आयोजन किया




**अशोकनगर।** रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय डीपी वाय स्कूल में सेमिनार सह प्रशिक्षण का आयोजन रखा गया। जिसमें मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षण उत्तर के रूप में डॉ सीपी यादव द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को पोषण स्वच्छता एवं एडोलेसेंट हेल्थ संबंधी विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। हैंड वॉशिंग तकनीक व सीपी आर(कार्डियो- पलमोनरी रिसर्सी टेसन) तकनीक का लाइव प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। सेमिनार के प्रथम चरण में बताया गया कि कैसे संतुलित आहार लेने से एक छात्र का स्कूल में उच्च प्रदर्शन हो सकता है संतुलित भोजन के लिए अलग से कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं होती,घर में उपलब्ध मौसमी सब्जी दाल चावल चपाती आदि के सेवन से भी संतुलित आहार प्राप्त किया जा सकता है। जंक फूड एवं मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं बताया गया कि कैसे छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा मोबाइल उपयोग करने से उनके दिमाग की सोने की क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ता है। आयोजन के दूसरे चरण में डॉ यादव द्वारा हैंड वॉश तकनीक के छह स्टेप करके दिखाए गए एवं उपस्थित अतिथियों व छात्र-छात्राओं से इसे अपने प्रतिदिन उपयोग में लाने के लिए कहा गया।

## तीनों जिलों के सुझाव को केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने रेल मंत्री को भेजे

# गुना, अशोकनगर और शिवपुरी के भाजपाईयों ने रेल सुविधाओं के लिए सिंधिया को सौंपे सुझाव






हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रेल सुविधाओं से सबसे पिछड़े क्षेत्र और भोपाल रेल मण्डल में उपेक्षा का दंस झेल रहा संपूर्ण संसदीय क्षेत्र आज भी रेल सुविधाओं से महरूम है। जितनी भी यात्री ट्रेने चल रही हैं उनमें भोपाल रेल मंडल की मात्र 2 ट्रेने हैं। भोपाल रेल मंडल बने कई दशक हो गए हैं लेकिन इस ट्रेक पर कोई सुविधाएं भोपाल मंडल ने नहीं दी हैं। यह ट्रेक बीना से शुरू होकर रूठियाई से मक्सी तक और गुना से शिवपुरी लाइन पर ग्वालियर के पहले तक जाता है। यहां से आए तो भोपाल रेल मंडल अर्जित करता है लेकिन नईं ट्रेनों के लिए कोई योजना नहीं बनती।

जिसे लेकर जितनी बार भी केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने संसदीय क्षेत्र के अशोकनगर, गुना और शिवपुरी जिले में आते हैं तब उनसे हमेशा रेल सुविधाओं की मांग उठती है। क्योंकि इस क्षेत्र ने सिंधिया घराने की तीन तीन पीड़ियों को इस क्षेत्र से चुनकर लोकसभा में भेजा है। जिनमें राजमाता विजयराजे सिंधिया, कैलाशवासी माधवराव सिंधिया और वर्तमान में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं। पूरे देश में इस संसदीय क्षेत्र की पहचान सिंधिया घराने के नाम पर है ऐसी स्थिति में जनता की अपेक्षाएं भी पूरी करना वर्तमान केन्द्रीय मंत्री और सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की जिम्मेदारी है। जिसे लेकर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने अपनी ही पार्टी के नेताओं से नई रेल सुविधाओं की मांग को लेकर सुझाव मांग थे जो सुझाव इन तीनों जिलो के भाजपा नेताओं ने दिए हैं उन सुझावों को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजा है और सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। यह भी जानकारी है कि जल्द ही सिंधिया रेल मंत्री से इन मांगों को लेकर मुलाकात करने वाले हैं।

### गुना जिले से की गई ट्रेनों के मांग

गुना जिले से जिन भाजपा नेताओं द्वारा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को सुझाव रेल सुविधाओं को लेकर लिखे गए थे। उनमें भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार,विधायक पन्नालाल साक्य, पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, केन्ट मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, बूढ़े बालाजी मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव, गुना मंडल अध्यक्ष अरबिंद सिंह राजपूत, पगारा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह कुशवाह शामिल हैं।

- (14116-14115) प्रयागराज इंदौर एक्सप्रेस व्हाया बीना अशोकनगर- गुना मक्सी का पुन: संचालन।
- (11701-11702) इंदौर जबलपुर ट्रेन का पुन: संचालन।
- (21801-21802) झांसी-इंदौर/रतलाम लिंक एक्सप्रेस ट्रेन का पुन: संचालन।
- (11101-11102) ग्वालियर-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में 1 दिन के स्थान पर प्रतिदिन करना।
- (11085-11086) सर. एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बैगलुरू ट्रेन को सप्ताह में 03 दिन करना।
- (22983-22984) कोटा-इंदौर कोटा एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव गुना स्टेशन पर करना।
- (नई ट्रेन) गुना से ग्वालियर के बीच दिन में मेमू ट्रेन।
- (नई ट्रेन) इंदौर से प्रयागराज व्हाया उज्जैन शाजापुर सारंगपुर रुठियाई गुना अशोकनगर- बीना ललितपुर-खजुराहो की मांग।
- (नई ट्रेन) गुना से हैदराबाद के लिए नवीन ट्रेन।
- (नई ट्रेन) कोटा या उज्जैन से गुना-अशोकनगर-शिवपुरी होते हुए अयोध्या के लिए नई ट्रेन।
- (नई ट्रेन) ग्वालियर से केरल व्हाया गुना-अशोकनगर-शिवपुरी होते हुए ट्रेन।
- (19807-19808-19813,19814) कोटा-सिरसा-कोटा व्हाया खाटू श्याम- रिंगस-अग्रोजा धाम होते हुए बीना जंक्शन तक

### अशोकनगर जिले से की गई ट्रेनों की मांग

अशोकनगर जिले से जिन भाजपा नेताओं द्वारा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को सुझाव रेल सुविधाओं को लेकर लिखे गए थे उनमें जिला भाजपा अध्यक्ष आलोक तिवारी, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला अध्यक्ष किसाना मोर्चा बबलू यादव धतुरिया, अमरीश सिंह बैस मंडल अध्यक्ष सेहराई, नागेन्द्र सिह परिहार मंडल अध्यक्ष मुंगावली, शाढ़ौरा मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी,अथाईखेडा मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, भानुकुमार यादव मंडल अध्यक्ष ढाकोनी,सलिल त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष अशोकनगर, महादेव सिंह यादव मंडल अध्यक्ष ईसागढ द्वारा सुझाव भेजे गए थे। जिसे बाद यह मांग की गई हैं।

### खास बातें

- (19325-19326) इंदौर अमृतसर एक्सप्रेस व्हाया अशोकनगर का पुन: संचालन करना।
- (61662) बीना-गुना रूठियाई ट्रेन के दो फेरे करना।
- (09819-09820) एसजीएसी,डीएनआर ट्रेन का ठहराव अशोकनगर स्टेशन पर।
- (09619-09620) अजमेर रांची ट्रेन का ठहराव अशोकनगर स्टेशन पर।
- (09465-09466) एडीआई,डीबीजी स्पेशल ट्रेन का ठहराव अशोकनगर स्टेशन पर।
- (19801-19802) सोगरिया दानापुर ट्रेन का ठहराव अशोकनगर स्टेशन पर।
- (12181-12182) दयोदय एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव पिपरई स्टेशन पर।
- (नई ट्रेन) अशोकनगर- गुना होते हुए दिल्ली के लिए प्रतिदिन ट्रेन।
- (नई ट्रेन) अशोकनगर से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन।
- (12198-12197) ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी व्हाया शिवपुरी-अशोकनगर-गुना-होते हुए मथुरा एवं इंदौर तक विस्तार।
- (नई रनवे नाईन) पिपरई ललितपुर चन्देरी रेल लाइन का निर्माण।

### शिवपुरी से की गई नई ट्रेनों की मांग

शिवपुरी जिले से जिन भाजपा नेताओं द्वारा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को सुझाव रेल सुविधाओं को लेकर लिखे गए थे। उनमें भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, विधायक महेन्द्र यादव, शिवपुरी मंडल अध्यक्ष कृष्णा कुशवाह, बामौरकला मंडल अध्यक्ष रमांकात शर्मा, वीरा सुरवाया, मंडल अध्यक्ष रमण विहारी गुर्जर, खोड़ मंडल अध्यक्ष सहदेव लोधी, मुहारीकला मंडल अध्यक्ष अरबिद लोधी, शामिल है।

- (14309-14310)उज्जैन-देहरादून एक्सप्रेस का गुना-अशोकनगर- बीना मार्ग से देहरादून तक पुन: संचालन किया जाए।
- (51881-51882) आगरा ग्वालियर- शिवपुरी गुना पैसेन्जर ट्रेन का पुन: संचालन किया जाए।
- (19308) चंडीगढ़ इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में 2 दिन के स्थान पर 04 दिन चलाया जाए।
- (20961) उधना बनारस सुपर एक्सप्रेस व्हाया गुना-बदरवास -शिवपुरी ट्रेन को सप्ताह में 03 दिन चलाई जाए।
- (19325-19326) अमृतसर इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव बदरवास स्टेशन पर किया जाए।
- (14309) उज्जैनी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव बदरवास एवं कोलारस स्टेशन पर किया जाए।
- (19307) इंदौर-ऊना एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कोलारस स्टेशन पर किया जाए।
- (12198-12197) ग्वालियर से भोपाल इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव म्याना स्टेशन पर किया जाए।
- (नई ट्रेन) ग्वालियर से भोपाल इंदौर वाया शिवपुरी, गुना- अशोकनगर होते हुए वंदे भारत ट्रेन का संचालन।
- (नई ट्रेन) कोटा से गुना अशोकनगर-शिवपुरी-ग्वालियर होते हुए माता वैष्णो देवी कटरा तक चलाई जाए।
- (51881) ग्वालियर आगरा कैंट फास्ट पैसेंजर ट्रेन का मार्ग शिवपुरी तक विस्तारित किया जाए।
- झांसी से सवाई माधोपुर व्हाया करैरा, शिवपुरी, कराहल, श्योपुर रेल लाइन का निर्माण किया जाए।

## छात्रों को दल गुजरात से वापिस लौटा, स्टेशन पर स्वागत किया गया



**पिपरई।** संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरई के छात्रों का आठ दिवसीय गुजरात भ्रमण से लौटने पर प्राचार्य मंगलेश शर्मा शिक्षक यादवेंद्र यादव कमर लाल अहिरवार एवं अभिभावकों ने पिपरई स्टेशन पर माला पहनाकर स्वागत किया। गौरतलब है कि प्रदेश के समस्त सांदीपनि विद्यालयों के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण 8 दिसंबर को भारत गौरव विशेष ट्रेन द्वारा प्रारंभ हुआ। इसी क्रम में विद्यालय के छात्र ध्रुव नामदेव और प्रार्थना अहिरवार ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण हेतु गुजरात में साबरमती आश्रम, स्टैचू ऑफ यूनिटी, आईआईएम अहमदाबाद, आईआईटी गाँधीनगर, आनंद स्थित अमूल इंडस्ट्री ऑफ मिल्क, सोमनाथ मंदिर, अरब सागर आदि स्थलों का भ्रमण करवा कर शैक्षिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक भ्रमण का महत्व बताया।

## आज का राजा न तपस्या करता है न ही त्याग करता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अंतर्राष्ट्रीय धर्माचारी जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने नईसराय के सुरई मैदान में कथा में प्रवचन देते हुए भरत और शबरी प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो राजा भरत जैसा त्यागी होगा व समर्पित होगा वही अपने राज्य में प्रजा को सुखी करते हुए 10 गुना ज्यादा राज्य कोष को बढ़ा सकता है। भरत जी ने राम जी के 14 वर्ष बन जाने पर अयोध्या में आकर यही किया था। सिंहासन पर राम जी के चरण पादुका को बिठाकर खुद नंदीग्राम गुफा के अंदर तपस्या करते थे।

उन्होंने कहा कि आज का राजा तपस्या नहीं करता और न ही त्याग भावना को धारण करता है। इसीलिए बार-बार अपने राज्य में धन अभाव के कारण ऋण



मांगता दिखाई देता है। संपूर्ण भारत की यही स्थिति बनी हुई है। त्याग से धन की वृद्धि होती है पर आजकल हर जगह भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है इसलिए जनता भी दुखी है। भरत त्यागी की मूर्ति है, इसलिए वशिष्ठ जी जैसे महाज्ञानी भी भरत को संत की उपाधि देकर संबोधित किया है। भरत ने राम जी को मनाने के लिए चित्रकूट की यात्रा की, रास्ते में तीन प्रकार के लोग चल रहे थे घोड़े, रथ, और पैदल लेकिन सबसे पहले भरत की राम जी से मिले क्योंकि वह पैदल नंगे पैर चल रहे थे। भगवान का एक नियम है जो भगवान को प्राप्त करने के लिए जितनी बस्तु छोड़कर बढ़ता है भगवान भी उसकी तरफ उतना ही वस्तुओं का त्याग करके उसकी तरफ दौड़ पड़ते हैं भारत ने अर्थ धर्म काम मोक्ष का परित्याग करते हुए भगवान के चरणों में भक्ति मांगी इसलिए राम भी भारत को दौड़कर मिले। कथा के विश्राम के समय मुख्य अतिथि के रूप में नई सराय मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह रघुवंशी कथा के व्यवस्थापक सुरेश सिंह रघुवंशी, पंचम सिंह रघुवंशी, सुनील रघुवंशी, अनिल रघुवंशी, हर्ष, राकेश, राजा, अंकु बैरागी, राजेश, प्रवेश, अमित ,राजकुमार, कृष्ण कुमार आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## शासकीय भूमि पर कब्जा कर बनाई गई कॉलोनियों को तोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के तहत कॉलोनाइजरों द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति लेना अनिवार्य है। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कॉलोनाइजरों की बैठक में अधिकारियों एवं कॉलोनाइजरों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र में अनाधिकृत कालोनियों की रोकथाम के लिए दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। साथ ही नवीन अनाधिकृत कालोनियों के नियंत्रण हेतु कार्यवाही करें। बैठक में कॉलोनाईजरों को मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 एवं इसमें समय-समय पर हुये संशोधित नियम तथा शासन निर्देश, म.प्र. कालोनी विकास नियम 2014 ग्रामीण क्षेत्र सहित की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही निर्देश दिये कि जिला अशोकनगर में कोई भी अवैध कॉलोनी निर्मित न करें। कॉलोनाइजरों द्वारा कॉलोनी निर्माण करना है तो जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुविधा के लिये सिंगल बिंडो प्रारंभ की गई है। सिंगल विडों के माध्यम से प्राप्त जानकारी अनुसार कॉलोनाइजरों दस्तावेज लगा कर अपना आवेदन प्रस्तुत कर कॉलोनी विकास करने का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

बैठक में कलेक्टर ने कॉलोनाइजरों को निर्देश



दिए कि जनसुनवाई में अधिकतर शिकायत प्राप्त हो रही है कि अवैध कॉलोनी में कही पानी नही है, कही लाईट नही है, कही रोड नही है, नोटरी है, नोटरी से प्लॉट नही बेचा जाना चाहिये। किसी भी कॉलोनी में शासकीय भूमि पर कब्जा नही मिलना चाहिये। जिस कॉलोनाईजर द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर कॉलोनी बनाई जायेगी उसको तोड़ने की कार्यवाही की जायेगी। उपस्थित कॉलोनाईजरों द्वारा कलेक्ट्रट से मिलने वाले नोटिसों के संबंध में जानकारी चाही गई तो कलेक्टर द्वारा स्पष्ट कहा गया कि नोटिस दिये गये है उनका जबाव आपकी कॉलोनी की जो भी स्थिति है लिख कर बताएं, इस हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। कॉलोनाईजरों को कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने की सुविधा प्रदाय करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय स्तर पर भी सिंगल बिंडो में प्रदाय करने वाले आवेदन के साथ लगने वाले दस्तावेजों का हॉर्डिग लगाये जाने के निर्देश दिए।

## काकोरी घटना के अमर शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पिपरई पंचायत चौराहा पर काकोरी घटना के शहीद क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र लाहिड़ी, रोशन सिंह के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में पुष्पांजलि कार्यक्रम व सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम में जिला सचिव अनुराग सागर ने बताया कि रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खान की शहादत आजादी आंदोलन की गैर समझौता वादी धारा में हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है ।इनके शहादत दिवस को साझी शहादत साझी विरासत के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजो द्वारा 19 दिसंबर 1927 को काकोरी घटना के शहीद रामप्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर जेल की कोठरी, अश्फाक उल्ला खान को फैजाबाद जेल, रोशन सिंह को प्रयागराज जेल में फांसी दी गई। 17 दिसंबर को राजेंद्र लाहिड़ी को फांसी दी गई। आजादी के इतिहास में 9 अगस्त 1925 को हुई काकोरी की घटना एक महान उद्देश्य को लेकर की गई थी। जिसमे



एचआरए के क्रांतिकारियों द्वारा अंग्रेजो द्वारा ले जाने वाले खजाने को इसीलिए लूटा ताकि भारत की आजादी की लड़ाई को और मजबूत किया जा सके। इस घटना ने ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी थी इस घटना के बाद अनेक क्रांतिकारियो को पकड़ा गया था। चार क्रांतिकारियों को फांसी और अन्य को अलग अलग सजाएं दी गई। इनकी शहादत से पूरा देश आंदोलित हो उठा और आजादी की लड़ाई में कई युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी जान न्योछावर की। इस मौके पर काकोरी काण्ड के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कमेटी सदस्य देवेंद्र श्रीवास्तव ने बात रखी, गोविंद, रोहित, आयान, अनिकेत, यादि बड़ी संख्या में समिल हुए। कार्यक्रम का संचालन विक्रम तांवरे ने किया।

### मेला स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए

## करीला मेले को लेकर कलेक्टर ने करीला धाम में अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर आगामी 8 मार्च 2026 को रंगपंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया जाएगा। करीला मेला के आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बुधवार को करीला धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान करीला पहुंच मार्गों पर बने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्किंग स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, आवागमन, साफ सफाई के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग स्थलों पर बोर कराये जाने तथा पानी की टंकी रखवाये जाने के निर्देश



अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान पार्किंग हेतु टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला धाम आने वाले वीआईपी मूवमेंट की उचित व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। इस हेतु किसी भी प्रकार कोताही न बरती जाए। उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल, लाइट, साफ सफाई के उचित प्रबंध रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंदिर परिसर के अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मेला परिसर की सड़कों को पक्का किये जाने तथा रोड के दोनों ओर आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दुकान न लगाये जाने के संबंध में सख्त निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पाकिंग स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने करीला पहुंचने हेतु मुख्य मार्ग के अतिरिक्त आवागमन हेतु परिवर्तित बैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था हेतु स्थल का चिन्हांकन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मेला की सतत निगरानी हेतु सीसीटीव्ही कैमरे की व्यवस्था सुदृढ कराये जाने के निर्देश दिये।

टीएल बैठक में विभिन्न पेंडेंसी व अफसरों की लापरवाही पर कलेक्टर का सख्त रुख

# लापरवाही पर किसी की वेतनवृद्धि रोकी तो किसी को शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में बुधवार को आयोजित टीएल(टाईम लिमिट) बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों सहित अन्य लापरवाहियों पर सख्त रुख में नजर आए। उन्होंने कुछ लापरवाह अफसरों व कर्मचारियों की वेतनवृद्धियां रोकने के निर्देश दिए वहीं कुछ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। पूर्व की बैठकों में कलेक्टर डॉ. जिला पेंशन अधिकारी एवं कोषालय कार्यालय को पेंशन प्रकरणों के बिल जनरेट की विभागवार जानकारी समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। उक्त जानकारी आज दिनांक तक उपलब्ध नहीं होने पर कलेक्टर ने जिला पेंशन अधिकारी व जिला कोषालय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस में जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साथ ही पेंशनरों की जानकारी सत्यापित न होने की स्थिति में संबंधित विभाग प्रमुख का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर डिस्ट्रिक होमगार्ड कमांडेंट को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



### निर्धारित लक्ष्य पूर्ण न होने पर करेंगे कड़ी कार्रवाई

पीएम आवास योजना की समीक्षा अंतर्गत जिला परियोजना अधिकारी को नगरीय निकायों से निकायवार प्राप्त आवेदनों की संख्या, स्वीकृत प्रकरणों तथा अस्वीकृति के कारणों, पट्टों के आवेदनों सहित समस्त जानकारी एसडीएम द्वारा सीएमओ के साथ समन्वय कर गूगल शीट में नियमित रूप से अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए। पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) से संबंधित बढ़ती शिकायतों पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आगामी 7 से 10 दिवस में एनआरसी की ऑक्यूपेंसी शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### लेखापाल की वेतनवृद्धि रोक लेखा-पुस्तिका में करें दर्ज

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि विभाग के लेखापाल दिनेश पारीख की वेतनवृद्धि रोकते हुए उसे उनकी सेवा-पुस्तिका में दर्ज करें। उल्लेखनीय है कि लेखापाल की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश पूर्व में जारी किए गए थे लेकिन उनका अभी तक पालन नहीं करने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की।

### केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर करें तैयारियां

आगामी 20 दिसंबर को जिले में केंद्रीय सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर सभी अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम में आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश जिला खेल अधिकारी को दिए।

कई स्थानाके पर घंटों तक लगा रहा जाम, एम्बुलेंस भी फंसी

# हर बुधवार की पीड़ा बना राजगढ़ का साप्ताहिक हाट-बाजार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर हर बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट-बाजार के संचालन के लिए सुव्यवस्था नहीं किए जाने से यह हफ्ते की पीड़ा बनता जा रहा है। कल के हाट-बाजार में पूरे दिन मेन मार्केट सहित नेवज नदी की छोटी पुलिया के समीप के चैराहे एवं नवीन दशहरा मैदान पहुंच मार्ग पर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। आलम यह था कि जाम में एम्बुलेंस भी फंस गई जिसे बमुश्किल जाम से निकाला गया। शहरवासियों द्वारा लंबे अर्से से साप्ताहिक हाट-बाजार के लिए अलग से स्थान चयन करने की मांग नगर पालिका एवं प्रशासन से की जा रही है लेकिन अभी तक इस बारे में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। यही कारण है कि हाट-बाजार में खरीदी करने आने वाले ग्रामीणों के साथ-साथ नगरवासियों को भी हर बुधवार खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मेन मार्केट में भी जाम के हालात

ऐसा नहीं है कि हाट-बाजार में जाम के हालात सिर्फ कुछे स्थानों पर ही बनते हैं। बल्कि, दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक समूचे मेन मार्केट में भी यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा जाती है। दो-पहिया सहित चार-पहिया वाहनों के हाट-बाजार में दाखिल होने पर हालात बद से बदतर हो जाया करते हैं।

# अंशुल तिवारी प्रदेश भाजपा सह-मीडिया प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में सशक्त कदम उठाते हुए राजगढ़ के अंशुल तिवारी को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। तिवारी को पार्टी ने मध्यप्रदेश का सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन का मानना है कि उनकी सक्रियता, वैचारिक स्पष्टता और मीडिया क्षेत्र में मजबूत पकड़ से पार्टी की संचार, प्रसार-प्रसार रणनीति को नई ऊंचाईयां मिलेंग। आपको



बतादें कि अंशुल तिवारी को पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाया जा चुका है। इसके उपरान्त भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष रहते हुए उन्हें प्रदेश के कई जिलों का दायित्व सौंपा गया जहां उन्होंने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान की। अंशुल ने बताया कि उन्हें मिले इस दायित्व को वे पार्टी की रीति-नीति, सरकार की उपलब्धियों और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

प्रदेश नेतृत्व की सहमति उपरान्त पार्टी जिलाध्यक्ष ने जारी की सूची

# भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित महिलाओं को भी सौंपे गए अहम पद

**राजगढ़-ब्यावरा।** लंबे समय बाद भारतीय जनता पार्टी ने अंततः अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने मंगलवार देर रात्रि 20 जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की है जिनमें चार महिला कार्यकर्ताओं को भी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

7 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 7 मंत्री सहित अन्य पदों के पदाधिकारी घोषित किए गए हैं। जिला स्तरीय कार्यकारिणी में अक्षय सक्सेना, मोहन गुप्ता, बृजकिशोर मीणा, पंकज शर्मा, इंदर सिंह लववंषी, श्रवण पाटीदार, रामचरण दीपक किरार को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह देवीसिंह सौंधिया एवं ममता इंदौरिया को महामंत्री पद का दायित्व सौंपा गया है। पार्टी जिलाध्यक्ष ने 07 मंत्री नियुक्त किए हैं जिनमें अनीता वर्मा, पद्मा वैष्णव, सुश्री माधवी परमार, सतेंद्र सिंह राठौर, हनुमान पाटीदार, घनश्याम नागर एवं मनोहर सिंह परमार शामिल है। इसके साथ ही शेलेष गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, देवेंद्र गौड़ जिला सह-कोषाध्यक्ष, श्याम मंडलोई कार्यालय मंत्री एवं फूलसिंह तंवर को सह-कार्यालय मंत्री बनाया गया है।

### पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप चलने की अपेक्षा

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति उपरान्त घोषित जिला कार्यकारिणी में शामिल सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे पार्टी की रीति, नीति के अनुरूप कार्य करते हुए सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निवर्हन करेंगे।

राहुल को मिली ब्लॉक अध्यक्ष की कमान

# ब्यावरा कांग्रेस में बदलाव होने से जागी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

संगठन को धार देने और ग्रास रूट पर मजबूती लाने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने ब्यावरा ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। इस नई टीम का नेतृत्व युवा और ऊर्जावान नेता राहुल दांगी को सौंपा गया है। राहुल दांगी को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में पार्टी की नई रणनीति के संकेत मिलने लगे हैं। राहुल दांगी का राजनीतिक ग्राफ काफी प्रभावशाली रहा है। वे पूर्व में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहाँ



उन्होंने छात्र राजनीति के जरिए जिले भर में अपनी मजबूत पैठ बनाई थी। पार्टी सूत्रों की मानें तो उनकी संगठनात्मक क्षमता और वफादारी को देखते हुए ही उन्हें अब ब्लॉक की कमान सौंपी गई है। राहुल ने वरिष्ठ नेत्त्व का आभार व्यक्त करते हुंए जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिह एवं जयवध्रन सिंह को कृतज्ञता ज्ञापित की है। नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल दांगी ने पदभार संभालते ही संकेत दिए हैं कि उनकी प्राथमिकता बूथ स्तर पर कांग्रेस को फिर से खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि वे वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में ब्लॉक कार्यकारिणी को सक्रिय करेंगे और जनता की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेंगे। उनकी इस नियुक्ति से युवाओं में खासा उत्साह है, जिसका सीधा असर आने वाले स्थानीय कार्यक्रमों और आंदोलनों में देखने को मिल सकता है।

हार्डवेयर सप्लायर ने दर्ज करवाई रिपोर्ट

# 10 लाख का माल उधार लेकर नहीं किया पेमेंट, एफआईआर

**राजगढ़।** अक्सर कुछ लोग विभिन्न प्रतिष्ठानों, सप्लायरों से उधारी में माल ले लिया करते हैं लेकिन जब पेमेंट की बारी आती है तो हीलाहवाली करते हुए बाद में मुकर जाते हैं। एक ऐसे ही मामले में राजगढ़ निवासी एक हार्डवेयर दुकान संचालक से करीब 10 लाख रुपए का माल उधार लेकर पेमेंट न करने वाले व्यक्ति पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

**क्या है पूरा मामला-** पुलिस ने बताया कि खुजनेर रोड स्थित तंवर ब्रदर्स सप्लायर से मोहन तंवर निवासी टांडीकला हाल मुकाम गिरनार सिटी द्वारा साल 2021 से सीमेंट, सरिया सहित हार्डवेयर से जुड़े कई तरह के सामान उधारी पर लिए गए। दुकान संचालक चंद्रपाल सिंह तंवर ने करीब 10 लाख रुपए का माल उन्हें उधार दे दिया। दुकान संचालक द्वारा कई बार तकाजा किए जाने के बाद भी मोहन तंवर द्वारा उनका पेमेंट नहीं किया गया। चंद्रपाल ने कोतवाली आपबीती बताई। पुलिस ने माल उधार लेकर भुगतान न करने वाले मोहन तंवर पर बीएनएस की धारा 406 के तहत एफआईआर पंजीबद्ध की है।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल आश्वासन के बाद स्थगित

# नगर परिषद सीएमओ ने कलम रख सफाई के लिए उठाया झाडू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर परिषद सफाई कर्मचारी की छे दिनों से चल आ रही थी हड़ताल मंगलवार रात्रि में परिषद द्वारा सफाई कर्मचारी की मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के आश्वासन वा कुछ वरिष्ठजनों की समझाईश के बाद हड़ताल स्थगित हो गई और काम पर लौट आये। गुरुवार से सफाई कर्मचारियों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गये थे, सीएमओ द्वारा धरना स्थल पर जा कर कई बार उनको समझाया भी था लेकिन अपनी मांगों को लेकर टस से मस नहीं हो रहे थे, इसी बीच सीएमओ देवेंद्र वत्स ने ऑफिस के कर्मचारियों नगर की सफाई शुरू करवाई साथ ही स्वयं ने भी झाडू हाथ में लेकर नगर की सफाई के लिए मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार के खत्म होने के बाद बाजार का कचरा अपने कर्मचारी वा पार्षदों के साथ मिलकर सफाई अभियान में जुट गये इस कार्य में नगर के लोगों का सहयोग भी मिला इसी बीच सफाई कर्मचारीयो से भी वार्ता जारी थी लेकिन नगर में सड़कों पर कचरा ना रहे ये भी प्राथमिकता थी इसीलिए अपने कर्मचारियों पार्षदों के साथ सफाई अभियान शुरू किया जिसका परिणाम सार्थक सिद्ध हुआ और सफाई कर्मचारी बुधवार को अपने काम पर लौट आए।

# 10 श्रमिकों को सौंपे 21 लाख के स्वीकृति पत्र



**खिलचीपुर।** मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश में 7227 श्रमिक परिवारों को 160 करोड़ राशि अंतरित की गई। इसी क्रम में जनपद पंचायत खिलचीपुर में विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा 10 श्रमिकों को 21 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वहीं स्वच्छता साथी वाश ऑन व्हील कार्यक्रम के तहत ऑन कॉल सफाई हेतु स्वच्छता मित्र को सफाई कीट भी वितरण की गई। कार्यक्रम में विधायक दांगी, गोविंद सिंह सोलंकी सीईओ जनपद पंचायत, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील नैनावत, देवेंद्र गौड़ जिला महामंत्री किसान मोर्चा, अजय साहू जिला सह संयोजक, गिरीश सोनी मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, संजय भिलाला अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधिगण,सरपंचगण उपस्थित रहे।

जिला जेल में शुरू हुआ सात दिवसीय प्रशिक्षण

# बंदियों को दे रहे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण ताकि जिएं बेहतर जिंदगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभिन्न अपराधों के चलते जेल में सजा काट रहे बंदियों के लिए सेवा भारती संस्था ने अभिनव प्रयास करते हुए 07 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की शुरूआत की है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्धेश्य इन बंदियों के जेल से छूटने के उपरान्त उन्हें स्वावलंबी बनाना है ताकि वे अपराध की दुनिया को छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। सेवा भारतीय जिलाध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता, सचिव मार्तण्ड सिंह सौलंकी, मुख्य प्रशिक्षक श्री बलराम, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र विजय सहित अन्य ने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिवस बंदियों को कई महत्वपूर्ण बातें बताई गईं। उन्हें समझाया गया कि जेल से सजा काटने के उपरान्त आम व्यक्तियों की तरह जीवन जीते हुए संभ्रांत नागरिक की तरह अपने और अपने परिवार का दायित्व उठाएं।

### कई तरह के दिए जाएंगे प्रशिक्षण

सात दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों को इलेक्ट्रिक झालर बनाना, मोटर वाइंडिंग सहित इसी तरह के अन्य कार्य सिखाए जाएंगे। जेल अधीक्षक आलोक बाजपेयी, जेल चिकित्सक दीपक सोनी, जेल शिक्षक लखन सिंह, मुख्य प्रहरी अमर सिंह सौलंकी उपस्थित थे।

गांधी सागर क्षेत्र में प्राकृतिक सौंदर्य, जल पर्यावरण व जैव विविधता के संरक्षण पर जानकारी ली

# छात्रों ने किया इतिहास, सांस्कृतिक और पर्यावरण का अध्ययन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

दरियापुर शासकीय हाई स्कूल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2025 -26 का शैक्षणिक भ्रमण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों से बाहर निकाल कर प्रत्यक्ष रूप से इतिहास संस्कृति प्रकृति और अध्यात्म को समझने का अवसर प्रदान करना था। भ्रमण के तहत छात्र-छात्राओं ने गांधी सागर ,सांवरिया सेठ मंदिर चित्तौड़गढ़ दुर्ग जौहर कुंड रानी पद्मिनी महल, संग्रहालय, रानी पद्मिनी तालाब रानी का झरोखा एवं महाभारत कालीन धर्मराजेश्वर मंदिर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया विशेष रूप से चित्तौड़गढ़ दुर्ग में विद्यार्थियों ने मेवाड़ की वीर गाथा जोहर की परंपरा तथा किले की भव्य स्थापत्य कला को करीब से समझा।

संग्रहालय में दुर्लभ मूर्ति कला प्राचीन हथियारों और लोक संस्कृति से जुड़े संसाधनों ने छात्रों को गहराई से प्रभावित किया। इस मंदिर का निर्माण एक ही चट्टान से किया गया हैस वर्तमान समय में मंदिर के ऊपरी भाग पर भगवान विष्णु की प्रतिमा तथा मंदिर के स्थल पर शिवलिंग के दर्शन होते हैं! महाभारत कालीन इस मंदिर में भीम की लेटी हुई प्रतिमा भीम बाजार तथा बौद्ध गुफाएं देखकर छात्र-छात्राएं देखकर बड़े आश्चर्य चकित हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री श्याम बिहारी कौशिक एवं शिक्षक दिनेश विशालिया अरुण दांगी हेमंत सोनी बने सिंह दांगी शिक्षिका तृप्ति वैद्य के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम उत्साह पूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ छात्रों ने इस भ्रमण के माध्यम से इतिहास संस्कृति भूगोल और पर्यावरण के प्रति नई दृष्टि विकसित की तथा राष्ट्र की धरोहरों को सुरक्षित रखने की प्रेरणा प्राप्त की।

# विवेकानंद एकेडमी व सिस्टर निवेदिता के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



**ब्यावरा।** 12 और 13 दिसम्बर को विवेकानंद एकेडमी एवं सिस्टर निवेदिता गर्ल्स सीनियर सेंकडरी स्कूल ब्यावरा के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल मांडवगढ़, महेश्वर, ओंकारेश्वर का भ्रमण विद्यालय द्वारा कराया गया। भ्रमण में छात्र, छात्राओं ने मांडवगढ़ में स्थित जहाज महल, रानी रूपमती महल, रेवा कुंड आदि एवं महेश्वर में देवीअहिल्या बाई होलकर के किले एवं उस समय के प्राचीन संग्रहालय एवं माँ नर्मदा में स्नान का आनंद लिया साथ ही ओमकारेश्वर ज्योतिलिंग के दर्शन किए इन भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों द्वारा ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक स्मारकों का निकटता से अवलोकन किया एवं दो दिवसीय टूर का आनंद लिया।

# बाल विवाह रोकने संबंधी जागरुकता व कॉलेज चलो अभियान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल विवाह रोकने संबंधी जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं द्वारा शपथ दिलवाकर समाज में फैल रहे बाल विवाह के रोकथाम के लिए प्रेरित किया गया। बाल विवाह के प्रथा को खत्म करने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में तेजी लाने एवं अभियान के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बाल विवाह उन्मूलन हेतु जन जागरूकता को अधिक सशक्त बनाने हेतु पूरे देश में 100 दिनों का इंटेंसिव थीम वाला अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक चलाया जाना है। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ममता खोईया के द्वारा भी बाल विवाह रोकने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम प्रभारी धर्मेंद्र कुमार खैरवार के द्वारा शपथ दिलवाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। आज के दिन कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन के अंतर्गत कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉ. विमल लोदवाल के द्वारा भी बाल विवाह के रोकथाम के साथ कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय मॉडल स्कूल सारंगपुर में जाकर कॉलेज चलो अभियान का प्रचार प्रसार किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य सहित अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे। प्रो. संगीता गुप्ता के द्वारा भी कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत नवीन शिक्षा नीति को विस्तार से छात्र-छात्राओं को समझाया गया। मॉडल स्कूल की प्राचार्य बबीता मिश्रा द्वारा भी हम सभी को बहुत सहयोग प्रदान किया गया और इसके साथ-साथ कॉलेज चलो अभियान में अपने छात्र-छात्राओं को मोटिवेशन किया।